# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**FINAL EXAMS SESSION 2024 – 25**

**CLASS – V**

**TIME : 3 HRS** **SUBJECT: HINDI** **M.M = 80**

खंड–क (पठन) **[10]**

**(1)** दिए गए गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :– (10)

घपलों और घोटालों की भेंट चढ़ी सरकारी योजनाओं ने संकट और सनसनी फैलाने के अतिरिक्त कुछ नहीं किया। सरकार बच्चों के हमदर्द होने का चाहे कितना ही ढोल पीट ले, मगर सच्चाई यही है कि सरकार की संवेदनहीनता और लापरवाही की सबसे बड़ी कीमत देश का भविष्य माने जाने वाले नौनिहाल ही अपनी जान देकर चुकाते आ रहे हैं।

सन् 1995 में हरियाणा के डबवाली के एक स्कूल में लगी आग में 400 से अधिक बच्चों के जलकर भस्म होने में आखिर कौन जिम्मेदार था? सैकड़ों अभिभावकों की सूनी बगिया को उजाड़ उनकी आँखों में असहनीय तड़प के आँसू भरने के बावजूद भी सरकार द्वारा उचित कदम उठाना तो दूर, बल्कि और अधिक लापरवाही बरती गई। जिस कारण अनेक छोटी-मोटी घटनाओं के अतिरिक्त कई भयानक हादसों में मासूमों की बलि दी जाती रही। 16 जुलाई, 2005 को तमिलनाडु के तजांबुर जिले के कुंभकोणम शहर के एक प्राइमरी स्कूल में आग की प्रलयंकारी लपटों द्वारा 90 से अधिक बच्चों का भस्म कर दिया जाना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। जून 2001 में दिल्ली के ही एक अस्पताल में भर्ती 1175 बच्चों में से 142 बच्चों की हैरतअंगेज मौत क्या स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न नहीं था?

**बहुविकल्पीय प्रश्न–**

**1.** ........ **की भेंट चढ़ी सरकारी योजनाओं ने संकट और सनसनी फैलाने के अतिरिक्त कुछ न किया?**

(क) घपलों और घपलों (ख) घपलों और घोटालों
(ग) घपलों और हेराफेरी (घ) घपलों और सनसनी

**2. हरियाणा के डबवाली स्कूल में किस सन् में आग लगी थी?**

(क) सन् 1990 (ख) सन् 1992
(ग) सन् 1994 (घ) सन् 1995

**3. 400 से अधिक बच्चों के जलने के लिए जिम्मेदार कौन था?**

(क) सरकार (ख) समाज
(ग) आग (घ) गाँव

**4.** बिकल्प चुनिए :–

16 जुलाई, 2005 की आग :
(क) दिल्ली के प्राइमरी स्कूल में लगी :
(ख) डबवाली के प्राइमरी स्कूल में लगी
(ग) हरियाणा के प्राइमरी स्कूल में लगी
(घ) कुंभकोणम शहर के प्राइमरी स्कूल में लगी।

**5. 1175 बच्चों में से कितने बच्चों की मौत हो गई थी?**

(क) 120 (ख) 130
(ग) 142 (घ) 150

## खंड– ख (व्याकरण) [30]

**(2) दिए गए वाक्यों को बदलकर लिखिए :–** **(2x1=2)**

**(क)** रेलगाड़ी चार बजे आई । **(भविष्यत काल)**

**(ख)** रवीना स्कूल गई। **(वर्तमान काल )**

**(3) दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखें :–** **(4x1=4)**

**(क)** राजा **(ख)** बगीचा **(ग)** साँप **(घ)** गंगा

**(4) विलोम शब्द लिखें :–** **(4x1=4)**

**(क)** उदय **(ख)** सेवक **(ग)** आकाश **(घ) आयात**

**(5) अनक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :–** **(4x1=4)**

**(क)** जो विद्यालय में पढ़ते हो **(ख)** सुनने वाला

**(ग)** जो छोटा भाई हो **(घ)** मीठा बोलने वाला

**(6) दिए गए मुहावरों तथा लोकोक्तियों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–** **(4x1=4)**

**(क)** बाएँ हाथ का खेल **(ग)** कान पर जूँ न रेंगना

**(ख)** आँख लगना **(घ)** जो गरजते है, वे बरसते नहीं

**(7) दिए गए मुहावरों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए –** **(2x1=2)**

**(क)** गोलगप्पे को देखते ही निधि के __________ गया ।

**(ख)** रोहन को उसकी माँ बेहद प्यार करती है, वह उनकी __________ है।

**(8) दिए गए शब्दों के भिन्न अर्थ लिखें :–** **(4x1=4)**

**(क)** हार **(ख)** ताल **(ग)** अंक **(घ)** उत्तर

**(9) कोष्ठक में से सही श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द छाँटकर खाली स्थान भरिए :–** **(2x1=2)**

**(क)** जोकर को देखते ही बच्चे __________ पड़े। **(हँस / हंस)**

**(ख)** गंगा की __________ बहुत तेज़ है। **(धरा / धारा)**

**(10) गोला किए गए विराम – चिह्नों के उचित नाम में (√) का निशान लगाइए :–** **(2x1=2)**

**(क)** मैं कक्षा पाँच में पढ़ता हूँ ।

(1) पूर्ण विराम (2) अल्प विराम (3) लाधव चिह्न

**(ख)** वाल्मीकि जी ने 'रामायण' लिखी है।

(1) योजक चिह्न (2) इकहरा उद्धरण (3) दोहरा उद्धरण

**(11) दिए गए विराम चिह्नों के नाम लिखिए :–** **(2x1=2)**

**(क)** ___ **(ख)** ०

## खंड – ग (पाठय पुस्तिका) [30]

**(12) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(7x2=14)**

**(क)** टीम में हर एक खिलाडी का महत्तव होता है सिद्ध कीजिए ।

**(ख)** कबीर दास जी ने दोहों के द्वारा हमें क्या – क्या सीख दी है ?

**(ग)** कुम्मी मन – ही – मन किसको कोस रही थी और क्यों ?

**(घ)** यदि आपको अपने देश की रक्षा के लिए संकल्प लेना हो, तो क्या संकल्प लेंगे ?

**(ङ)** कविता में कौन – कौन से संकल्प लिए गए है ?

**(च)** कर्ण क्यों उदास था ?

**(छ)** यदि कर्ण को उसके पिता प्रोत्साहित न करते, तो क्या होता ?

**(13) दी गई पक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में (√) लगाइए :–** **(5x1=5)**

**(क) माटी को माँ क्यों कहते है ? क्योंकि –**

**(1)** माटी और माँ का एक ही मतलब है ।

**(2)** माँ की तरह माटो भी हमें ममता की गोद में पालती है ।

**(3)** माँ की तरह माटो भी हमारे रूप को निहारती है ।

**(4)** माँ है, तो माटो है, माटो है तो माँ हैं।

(ख) कुम्मी को मशीन से पढ़ना उबाऊ क्यों लगा ?
(1) मशीन के सामने अकेले बैठकर पढने के कारण ।
(2) कुम्मी की पढ़ाई में रूचि न होने के कारण ।
(3) कुम्मी की नासमझी के कारण ।
(4) ज्यादा पढ़ने के कारण ।

(ग) भारतीय राष्टध्वज के लिए कौन – सा शब्द संबोधित किया है ?
(1) तिरंगा (2) केसरिया (3) झंडा (4) पताका

(घ) बल का अर्थ है ?
(1) अचानक (2) शक्ति (3) पहला (4) घर

(ड) चैंपियन किसे कहते हैं ?
(1) जिसकी जीत होती है ।
(2) जो खिलाडी सर्व श्रेष्ठ होता है।
(3) जो खिलाडी बेहतर होता है।
(4) जो खिलाडी ताकतवर होता है।

**(14) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें। (8x1=8)**
(क) शक्ति (ख) साबित (ग) परलय (घ) जाके
(ड) पृष्ठ (च) रफ्तार (छ) चिराग (ट) गगन

**(15) वर्णो का सही क्रम लिखकर शुद्ध शब्द बनाकर लिखिए :– (3x1=3)**
(क) स्तपुक (ख) बाउऊ (ग) म्मीउद

## खंड – घ (लेखन)

**(17) निम्नलिखित शीर्षक के आधार पर कोई एक कहानी लिखिए :– (10x1=10)**
(क) घमंड का नतीजा (ख) खरगोश और कछुआ